प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

'आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश विधानसभा बजट सत्र में आज दो प्रमुख संशोधन विधेयक होंगे प्रस्तुत–रहेगा गैर सरकारी सदस्य दिवस।
- केंद्र सरकार से प्रदेश को प्राइड ऑफ हिल्स योजना के तहत 3 हजार 920 करोड़ रूपए की सहायता मिलने पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने जताया प्रधानमंत्री का आभार।
- अश्वगंधा एक स्वास्थ्यवर्द्धक औषधीय पौधा के लिए राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत मंडी जिला में घर–द्वार पर लोगों को किया जा रहा जागरूक।
- नगर निगम शिमला का सदन बना डिजिटल–कार्यप्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की विशेष पहल आरंभ।

विधानसभा

प्रदेश की 14वीं विधानसभा के 11वें सत्र में आज प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से आरंभ होगी और आज गैर सरकारी सदस्य दिवस में विभिन्न विधायक अपने संकल्प चर्चा हेतु प्रस्तुत करेंगे।

विस्तृत ब्यौरे समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी

*डिस्पैच*

*विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में आज दो महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक प्रस्तुत किए जाएंगे जिनमें शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों और पैदल चलने वालों के लिए लोक सुरक्षा और सुविधा संशोधन विधेयक–2026 और भारतीय स्टांप विधेयक हिमाचल प्रदेश संशोधन–2026 पर विचार–विमर्श और पारित होगा। इसके अलावा आज गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस रहेगा जिसमें विधायक कुलदीप सिंह राठौर, भारत और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते से प्रदेश के सेब उत्पादकों की अर्थव्यवस्था को संरक्षित रखने हेतु नीति बनाने की सिफारिश करेंगे। इसी प्रकार प्रदेश में निर्माणाधीन तथा संचालित जल विद्युत परियोजनाओं के सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव के आधार पर रोजगार सुनिश्चित करने हेतु नीति बनाने पर विधायक डॉ. जनक राज संकल्प प्रस्तुत करेंगे। राज्य की वर्तमान शिक्षा प्रणाली को तकनीकी कौशल आधारित और रोजगारोन्मुखी बनाए जाने के लिए नीति पर विधायक केवल सिंह पठानिया संकल्प रखेंगे। जबकि विधायक त्रिलोक जम्वाल भाखड़ा बांध विस्थापितों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु समग्र पुनर्वास नीति बनाने का संकल्प प्रस्तुत करेंगे।* आकाशवाणी समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं कौशल्या शर्मा

## वित्तीय सहायता

केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को प्राइड ऑफ हिल्स योजना के तहत 3 हजार 920 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता के तहत जारी की गई यह राशि हिमाचल प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे प्रदेश में पूंजीगत व्यय बढ़ेगा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी। जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि केंद्र द्वारा दी गई सहायता का उपयोग उन्ही कार्यों के लिए किया जाए जिसके लिए वह दी जा रही है।

वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बिंदल ने इस केंद्रीय सहायता को हिमाचल के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष स्नेह और संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्यों को भौगोलिक कठिनाइयों, सीमित संसाधनों, कम जनसंख्या घनत्व और सीमित राजस्व स्रोतों के कारण विकास में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है जिसे समझते हुए केंद्र सरकार ने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

## राहत योजना

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी कार्यान्वयन व लोगों को जागरूक करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कांगड़ा द्वारा कल धर्मशाला में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि यह योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल कैशलेस उपचार उपलब्ध करवाने के लिए शुरू की गई है जिसके अंतर्गत प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार रुपये तक के तुरंत इलाज का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के 24 घंटों के भीतर पीड़ित को सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती करवाने पर तुरंत सहायता के रूप में ये योजना लाभकारी सिद्ध हो रही है।

## बेसहारा पशु

बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या और उन पर अत्याचार के मामलों को देखते हुए अब नाहन जिला प्रशासन सड़कों पर पशु छोड़ने वाले पशु मालिकों के खिलाफ सख्ती से निपटने की तैयारी में है। इस संबंध में एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद, पुलिस और पशुपालन विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़कों पर घूम रहे पशुओं से टैग के जरिए उनके मालिकों की पहचान की जाएगी और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए ताकि इस समस्या से निपटा जा सके और पशुओं को क्रूरता से बचाया जा सके।

## औषधीय पौधे

हिमाचल प्रदेश में चल रहे अश्वगंधा एक स्वास्थ्यवर्द्धक औषधीय पौधा राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत डॉ. वाईएस परमार उद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, थुनाग की टीम ने मंडी जिले की विभिन्न पंचायतों में घर–घर जाकर लोगों को जागरूक किया और उन्हें अश्वगंधा के पौधे भी वितरित किए।

## नगर निगम सदन

हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम शिमला के सदन में अब कार्यवाही को डिजिटल बना दिया गया है। बीते कल नगर निगम की मासिक बैठक से इस पहल की शुरूआत की गई है जिसमें सभी पार्षदों को टैबलेट के माध्यम से अपने सवालों के जवाब और एजेंडा उपलब्ध करवाए गए। शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि निगम के सदन की कार्यप्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए यह पहल शुरू की गई है।

## रेडियोग्राफर

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरे जा रहे जूनियर ऑफिस असिस्टेंट और रेडियोग्राफर के पदों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि भर्ती निदेशालय से अतिरिक्त पदों की स्वीकृति के बाद अब जूनियर ऑफिस एसीस्टेंट के लिए 117 अतिरिक्त पदों सहित कुल 351 पदों पर भर्ती होगी। इसी प्रकार रेडियोग्राफर के लिए 18 अतिरिक्त पदों को जोड़कर अब कुल 28 पदों भर्ती की जाएगी। सचिव बताया कि इन दोनों पोस्ट कोड की भर्ती प्रक्रिया के अन्य नियम और शर्तें पहले की तरह ही मान्य रहेंगी।

## मौसम

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बीते कल भी हल्की बर्फबारी हुई है जबकि चार जिलों शिमला, मंडी, कुल्लू और कांगड़ा के कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फलों व फसलों को नुक्सान के समाचार है। इन दिनों सेब बागीचों में फलवारिंग का सीजन चल रहा है और ओलावृष्टि से इन क्षेत्रों में भारी नुक्सान हुआ है। इसी प्रकार मैदानी इलाकों में गेहूं, मटर व अन्य नगदी फसलें भी ओलावृष्टि से प्रभावित हुई हैं।

आज प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है जबकि मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज भी प्रदेश की ऊंची चोटियों पर वर्षा और हल्के हिमपात की संभावना है जबकि अन्य क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा हो सकती है।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है सीमा पर 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को एंट्री टैक्स में मिलेगी छूट। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं कम किया जाएगा एंट्री टैक्स, छोटी गाड़ियों पर नहीं होने देंगे असर।

प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है अस्पतालों को आयुष्मान व हिमकेयर के बिलों का भुगतान 10 अप्रैल तक जारी करें सरकार। अमर उजाला के शब्द हैं स्टाफ नर्सों की भर्ती प्रक्रिया पर रोक।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश विधानसभा बजट सत्र में आज दो प्रमुख संशोधन विधेयक होंगे प्रस्तुत–रहेगा गैर सरकारी सदस्य दिवस।
- केंद्र सरकार से प्रदेश को प्राइड ऑफ हिल्स योजना के तहत 3 हजार 920 करोड़ रूपए की सहायता मिलने पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने जताया प्रधानमंत्री का आभार।
- अश्वगंधा एक स्वास्थ्यवर्द्धक औषधीय पौधा के लिए राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत मंडी जिला में घर–द्वार पर लोगों को किया जा रहा जागरूक।
- नगर निगम शिमला का सदन बना डिजिटल–कार्यप्रणाली को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की विशेष पहल आरंभ।